(b) and (d) Seven companies have violated the condition of imports and have stil to discharge obligation towards lifting of partial or entire quantity of indigenous component of the. .material. The details about the shortfall in indigenous lifting have been brought to the notice of CCI&E for taking action against these parties for violating the condition of imports.

(c) Details of average imported price of Penicillin are not available However, it varied between Rs. 232 to Rs.-265 BOU amongst different
. importers. The notified price of indigenous Penicillin-G" First Crystal was Rs. 650] BOU w.e.f. 22.1.87 which was subsequently revised to Rs. 695 BOU w.ei. 1.8.90.

वेनेजुएला से कच्चे तेल का आयात

135. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत ने वेनेजुएला से कच्चे तेल के आयात के लिए हाल ही में कोई समझौता किया है;

(ख) यदि हां तो वहां से कितना कच्चा तेल आयात किए जाने की सम्भावना है और उस तेल का मूल्य क्या होगा और यह आयात कितनी अवधि के भीतर पूरा कर लिया जायेगा ;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस आयातित कच्चे तेल का शोधन, भारत के तेल शोधक कारखानों में संभव नहीं है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस कच्चे तेल के शोधन के लिए की गई व्यवस्था का ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री सत्य प्रकाश मालवीय): (क) (घ) भारत और वेनेजुएला के बीच स्मरण पत्र पर हस्ताक्षर किया गया है जिसके अनुसार भारत ने उत्पाद की कीमत/किस्म पर सहमति होने पर तीन वर्षों के लिए वाणिज्यिक शर्तों पर कच्चे तेल और उत्पाद को खरीदने की सहमति दी है । चूंकि वेनेजुएला द्वारा आफर किया गया कच्चा तेल भारतीय रिफाइनरियों में उपयोग के लिए उपयुक्त नहीं है इसलिए वेनेजुएला इस कच्चे तेल के स्थान पर भारत के लिए उपयुक्त वैकल्पिक कच्चे तेल की व्यवस्था करने का प्रयास करेगा । अन्य विभिन्न शर्तों को वेनेजुएला द्वारा अंतिम रूप दिए जाने के बाद ही कीमत और प्रदाय की अवधि के संबंध में निर्णय किया जायेगा ।

देश में तेल भण्डारों से वार्षिक उत्पादन

136. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में उपलब्ध तेल भण्डारों का पूरा उपयोग नहीं किया जा रहा है :

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान इन तेल भण्डारों से तेल का कुल कितने प्रतिशत वार्षिक उत्पादन किया गया ; और

(ग) इन तेल भण्डारों से पूरी मात्रा में उत्पादन न किए जाने के क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री सत्य प्रकाश मालवीय) : (क) जी नहीं ।

(ख) गत तीन वर्षों का शेष प्रतिप्राप्ति योग्य भण्डारों में से कच्चे तेल के वार्षिक उत्पादन का प्रतिशत निम्न प्रकार से है:

वर्ष	ओएनजीसी	ओआईएल
1987-88	5.32	4.4
1988-89	5.08	4.6
1989-90	4.80	4.8

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।